तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 22 अगस्त 2026

11 शिव महापुराण कथा में शिव पार्वती विवाह प्रसंग का...


10 जिले में केंद्रीय विद्यालय स्थापना की उम्मीद...




## शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए 48 चालक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। 20 अगस्त को शाम 6 से रात 9 बजे तक चले विशेष चेकिंग अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों ने भारी वाहनों, चारपहिया और दोपहिया वाहन चालकों की जांच की। इस दौरान ब्रेथ एनालाइजर से जांच में शराब के नशे में वाहन चलाते मिले 48 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके वाहन जब्त किए गए।

■ तीन घंटे चले विशेष चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनालाइजर से हुई जांच

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में जिलेभर में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए शराब पीकर वाहन चलाने वालों की लगातार जांच की जा रही है। इसी क्रम में 20 अगस्त को एक साथ जिले ▸▸ शेष पेज 11 पर

### नशे में वाहन चलाने से बचें

यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और किसी भी परिस्थिति में शराब का सेवन कर वाहन न चलाएं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ जिले में इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## न्यायालय ने लगाया साढ़े 22 हजार का जुर्माना

**बलौदाबाजार।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा ब्रेथ एनालाइजर से वाहन चालकों की जांच की जा रही है। इसी अभियान के तहत ग्राम गोरधा रोड स्थित स्कूल के पास शराब के नशे में बाइक चलाते एक युवक को पकड़ा गया।

■ तेज रफ्तार, बिना नंबर और बिना लाइसेंस वाहन चलाते पकड़े गये चालक

पुलिस के अनुसार वाहन चालक जीवराखन कैवर्त 26, पिता फूल सिंह, निवासी ग्राम गोरधा, थाना कसडोल, तेज रफ्तार से बाइक चला रहा था। जांच के दौरान उसके पास वाहन का नंबर और वैध ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं मिला। ब्रेथ एनालाइजर से जांच करने पर शराब का सेवन कर वाहन चलाने की पुष्टि हुई।



पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए बाइक को जब्त कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के बाद माननीय न्यायालय ने आरोपी जीवराखन कैवर्त को शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में कुल 22,500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

पुलिस ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है और इससे वाहन चालक के साथ-साथ अन्य लोगों की जान भी खतरे में पड़ती है। जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने तथा नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ जांच और कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### खबर संक्षेप

#### तालाब में मिला लापता युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस



**बलौदाबाजार।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरहा तालाब में गुरुवार को एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान पुरानी बस्ती निवासी आनंद यादव 40 पिता सांवत राम यादव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आनंद यादव पिछले करीब तीन दिनों से लापता था। परिजन अपने स्तर पर उसकी तलाश कर रहे थे, हालांकि इस ▸▸ शेष पेज 11 पर

### खाद्य विभाग की टीम ने की कार्रवाई, सभी मिठाई नष्ट की

## 92 किलो दूषित चमचम मिठाई जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

नगर क्षेत्र में खाद्य और औषधीय विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए लगभग 92 किलो चमचम मिठाई को जब्त कर नष्ट कराया है।इस कार्रवाई से भाटापारा के मिठाई कारोबारियों में हड़कंप मचा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले में 7 दिवसीय सघन खाद्य सुरक्षा प्रवर्तन एवं जन-जागरूकता अभियान बने खाबो-बने रहिबो 2.0 संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान एक होटल में अस्वच्छ और दूषित दशाओं में चमचम मिठाई तैयार की जा रही थी। मौके पर मौजूद





लगभग 92 किलो चमचम मिठाई को जब्त का नष्ट कराया। जानकारी के अनुसार गुरु नानक वार्ड, भाटापारा में नीरज कुमार मूल निवासी रोशंगपुर, जिला औरैया उत्तर प्रदेश द्वारा खुले में बेहद अमअस्वच्छ माहौल में जहां मक्खियों भिनभिना रही थीं, वहां चमचम मिठाई का निर्माण किया जा रहा था। जब टीम ने संचालक से खाद्य लाइसेंस या पंजीयन संबंधी दस्तावेज मांगे, तो वह कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत करने में पूरी तरह असमर्थ रहा। अस्वच्छ और दूषित दशाओं में मिठाई तैयार किए जाने के कारण खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मौके पर ही चमचम के नमूने लिए गए ।

### अवैध निर्माण पर खाद्य विभाग की सख्ती

इसके साथ ही स्वास्थ्य को होने वाले संभावित खतरे को देखते हुए मौके पर मौजूद लगभग 92 किलो चमचम मिठाई को जब्त किया गया और नष्टीकरण की कार्रवाई हेतु नगर निगम की गाड़ी को सौंप दिया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग ने इम गंभीर लापरवाही और अवैध संचालन पर मख्त रुख अपनाते हुए संबंधित निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव मे बंद करवा दिया है। इसके साथ ही संचालक को लिखित में कड़े निर्देश दिए गए हैं कि आगामी आदेश तक किसी भी प्रकार का निर्माण या व्यावसायिक कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। त्योहारों और सामान्य दिनों में भी मिलावटखोरों और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## रेलवे स्टेशन में टिकट चेकिंग 306 मामलों से 2.32 लाख वसूल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

यहां के रेलवे स्टेशन पर किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें भाटापारा स्टेशन के सभी प्लेटफार्म, 19 ट्रेनों में किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान में कुल 306 मामलों को दर्ज कर 2,32,060 रुपए राजस्व प्राप्त किया गया।

किलाबंदी टिकट चेकिंग में बिना टिकट यात्रा करने वाले 176 यात्री पकड़े गए, जिससे 160,350- राजस्व प्राप्त हुआ। अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले 93 यात्रियों से 67975 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ, अधिक लगेज लेकर यात्रा करने वाले 37 यात्रियों से 3835 रुपये राजस्व प्राप्त हुआ। इस टिकट चेकिंग का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को टिकट लेने के प्रति जागरूक करना था। इस टिकट चेकिंग अभियान में सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद मुख्य वाणिज्य निरीक्षक - 01, वाणिज्य निरीक्षक-02 सहित 25 टिकट चेकिंग स्टाफ, 04 आरपीएफ स्टाफ शामिल थे।

## मवेशी चोर गिरोह के एक और आरोपी को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा

पशु तस्करी एवं मवेशी चोरी के मामलों पर नकेल कसने के लिए पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के निर्देशन में थाना सिमगा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पूर्व में दर्ज मवेशी चोरी के मामले में पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए गिरोह के एक और आरोपी लोकेश काटले उर्फ भल्ला को गिरफ्तार कर लिया है।ग्राम चौरेंगा निवासी प्रार्थी तोरण साहू 40 वर्ष ने थाना सिमगा में शिकायत दर्ज कराई थी कि 20 मई को उसकी 4 भैंसों को अज्ञात चोर ले गए हैं। विवेचना के दौरान चोरी की गई भैंसों को पिकअप वाहन से नागपुर ले जाते समय राजनांदगांव के लालबाग थाना क्षेत्र में पकड़ा गया था। उस



दौरान आरोपी नितेश भवारिया, शहरूख खान, मो. मुबाशीर और मो. साजीद को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था तथा मवेशियों को उनके मालिक को सुपुर्द कर दिया गया था।

मामले में गिरफ्तार आरोपी मो. मुबाशीर से पूछताछ में मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने राकेश सतनामी को पकड़ा था। राकेश ने कबूला था कि उसने 13 मई को ग्राम किरवई के तालाब से अपने ही गांव के लोकेश काटले के साथ मिलकर 4 अन्य भैंसें चुराई थीं।

### कड़ी दर कड़ी जोड़कर लोकेश उर्फ भल्ला गिरफ्तार

जानकारी के आधार पर सिमगा पुलिस ने संदेही किरवई थाना सिमगा निवासी 22 वर्षीय लोकेश काटले को 20 अगस्त को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने चोरी में शामिल होना स्वीकार किया और मवेशी बिक्री से मिले अपने हिस्से की शेष बची 2,500 रुपये की नगद राशि पेश की, जिसे जब्त कर लिया गया।आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की वैधानिक कार्रवाई की है।

## किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भटगांव

भटगांव पुलिस ने एक किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पीड़िता की मां ने थाना भटगांव में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री 14 अगस्त की रात्रि करीब 1 बजे बिना बताए कहीं गायब हो गई है। पुलिस ने गुम इंसान का मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू की।20 अगस्त को पुलिस ने पीड़िता को बरामद कर महिला पुलिस अधिकारी से उसका बयान दर्ज कराया। पीड़िता के बयान के आधार पर भटगांव पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए छापेमारी की और 20 तथा 21



अगस्त को दोनों आरोपी भगत राम लहरे पिता स्व. मयाराम लहरे 34 साल निवासी गाडामोर थाना जैजेपुर जिला सक्ती और दूसरा कृष्णा निराला पिता फिरोज निराला 26 साल निवासी सलौनीकला थाना भटगांव जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

### नशीला पदार्थ सुंघाकर बनाया था बंधक

पीड़िता ने अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि 14 अगस्त की रात सलौनीकला निवासी कृष्णा निराला और गाडामोर निवासी भगतराम लहरे ने उसे जबरन नशीला पदार्थ सुंघाया तथा इंजेक्शन लगाकर बेहोश कर दिया और उसे गाडामोर ले गए। वहां आरोपी भगतराम लहरे ने उसे बंधक बनाकर रखा और 19 अगस्त तक लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। तबीयत बिगड़ने पर पीड़िता किसी तरह चुपचाप वहां से निकलकर बिर्रा पहुंची और अपने घर पहुंचकर पूरी घटना परिजनों को बताई।




### मांग पूरी नहीं होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

## रोजगार देने 30 दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुहेला

स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की मांग को लेकर शुक्रवार को जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव के नेतृत्व में ग्राम खपराडीह स्थित सीमेंट संयंत्र के मुख्य द्वार पर धरना-प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में स्थानीय युवा और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए बल तैनात किया।

■ सीमेंट संयंत्र के मुख्य द्वार पर युवाओं का धरना-प्रदर्शन

धरने के बाद जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव एवं पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में एसडीएम अतुल सेठी, तहसीलदार किशोर कुमार वर्मा व थाना प्रभारी प्रमोद सिंह की मौजूदगी में संयंत्र प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें क्षेत्र के 100 बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की मांग करते हुए प्रबंधन को 30 दिन का समय दिया गया। मांग पूरी नहीं होने पर बड़े और उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई।





सभापति ईशान वैष्णव ने कहा कि क्षेत्र में उद्योग संचालित होने के बावजूद स्थानीय युवाओं को रोजगार के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभावित गांवों की जमीन और संसाधनों पर संचालित उद्योग में स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा ने भी उद्योग का लाभ क्षेत्रवासियों को मिलने की बात कही।खपराडीह सरपंच गजेंद्र वर्मा ने कहा कि प्रभावित गांवों के जनप्रतिनिधि लंबे समय से स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक ठोस पहल नहीं हुई है। एसडीएम अतुल सेठी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने रोजगार संबंधी मांगों का ज्ञापन संयंत्र प्रबंधन को सौंपा है। प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की थी। प्रदर्शन में खपराडीह, करही,सहित आदि युवा शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत में एक व्यक्ति के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बरेकेल के पंचायत भवन में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बरेकेल के जयप्रकाश बघेल ने श्मशान भूमि से कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया है। 20 अगस्त को ग्रामसभा में सचिव द्वारा उसके आवेदन को पढ़कर सुनाया जा रहा है। इसी दौरान आरोपी महेंद्र शेष, विनोद शेष ने आवेदन को छीनकर फाड़ दिया एवं गाली गलौच कर, जान से मारने की धमकी देते हुए हुए प्रार्थी के साथ मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### ट्रक की टक्कर से एक गाय की मौत, सात मवेशी घायल

**महासमुंद।** ग्राम भोरिंग के पास ट्रक की चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गई, वहीं सात मवेशी घायल हो गए। पुलिस न बताया कि भोरिंग का भारत भूषण गाय इकट्ठा चराने तुमगांव जंगल ले जा रहा था, करीबन 10.30 बजे ग्राम पंचायत भवन भोरिंग के पास तुमगांव से भोरिंग की ओर आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 16 सीजे 7306 के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से अपने वाहन को चलाकर गायों को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे 01 गाय की मौत हो गई, वहीं 6 गाय तथा 01 बैल घायल हो गए है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184-मोटर व्हीकल एक्ट, 281, 325 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा ग्राम परसट्टीः तुषार

**महासमुंद।** ग्राम परसट्टी के विद्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशवंत तुषार साहू सम्मिलित होकर देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत कार्यक्रमों का हिस्सा बने। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों, शिक्षकों के समर्पण और ग्रामीणजनों के उत्साह ने इस अवसर को और भी यादगार बना दिया। बच्चों के चेहरे पर तिरंगे के प्रति सम्मान और देश के प्रति प्रेम देखकर मन गर्व और प्रसन्नता से भर उठा। कार्यक्रम में उप सरपंच विजय साहू, पूर्व उपसरपंच रोशन साहू, भाजपा नेता प्रेम साहू, भाजपा नेता पूर्णेंद्र साहू, तिलक साहू आदि मौजूद रहे।

### गुरु घासीदास स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** शहर के सुभाष नगर वार्ड 22 स्थित शाप्राशा गुरु घासीदास में जिला अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक डॉ. नीरेंद्र नायक अपनी धर्मपत्नी शशि नीरेंद्र नायक (तहसीलदार) के जन्मदिवस पर बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर नायक परिवार द्वारा शाला में अध्ययनरत सभी बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, बिस्किट आदि पाठ्य सामग्री बांटे तथा न्यौता भोज में समोसा, जलेबी, केला तथा बिस्किट पैकेट वितरण किया गया। इस अवसर पर नायक परिवार की ओर से सुकति नर्मदा, विजय नर्मदा, प्रेमशीला नायक, शक्ति नायक, प्रीति नायक एवं शाला के प्रधान पाठक केशव साहू, परमेश्वर केंवट, पवन साहू (संकुल समन्वयक), मनोज साहू तथा बीआरसी कार्यालयीन स्टाफ, केशव साहू, भुनेश्वर साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

### आत्मानंद स्कूल में हुए साइकिल वितरण

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद के सभागार में निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि संदीप दीवान रहे। अध्यक्षता जिला सहकारी समिति के अध्यक्ष रमेश साहू ने की। विशेष अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन, सहायक संचालक नंद किशोर सिन्हा, सदस्य पालक संघ आबा गोलछा अनुज पांडे एवं संस्था के प्रभारी प्राचार्य हेमंत डडसेना, , भोजेश्वरी ठाकुर, नरेंद्र सिंह, घनश्याम यदु आदि मौजूद रहे।

# ग्रामसभा और जनसंवाद में ग्रामीणों ने तय की विकास कार्यों की प्राथमिकताएं

## ग्राम सभा ग्रामीणों की जरूरतों और सुझावों को सामने रखने का महत्वपूर्ण मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

जनपद पंचायत सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत दामाखेड़ा में गुरुवार को विशेष ग्राम सभा एवं जनसंवाद 2.0 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वीबीजीरामजी गतिविधियों के साथ-साथ ग्रामीणों की आवश्यकताओं एवं सुझावों के आधार पर विकास कार्यों की प्राथमिकताएं निर्धारित की गईं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों अधिकारियों-कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही। जिसमें सरपंच कमलेश साहू, सीईओ जनपद पंचायत सी.पी. मनहर, कार्यक्रम अधिकारी वीबीजी रामजी अमित कुमार वैद्य, सचिव ठगन बारले, रोजगार सहायक राकेश कुमार ध्रुव, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। विशेष ग्राम सभा के दौरान जनसंवाद 2.0 के माध्यम से ग्रामीणों से सीधे संवाद किया गया तथा ग्राम के विकास, शासकीय योजनाओं एवं आवश्यक कार्यों से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार वैद्य एवं सरपंच कमलेश साहू द्वारा ग्राम के आवश्यक एवं प्राथमिकता वाले विभिन्न विकास कार्यों को चार्ट के माध्यम से ग्रामीणों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।ग्रामीणों को कार्यों की आवश्यकता एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए उनकी राय एवं सुझाव प्राप्त किए गए तथा ग्रामीणों द्वारा अपनी आवश्यकता एवं प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों का प्राथमिकता क्रम निर्धारित किया गया।




### ग्रामीणों की भागीदारी से तय होंगी

सीईओ मनहर ने कहा कि ग्राम सभा ग्रामीणों की भागीदारी से ग्राम विकास की प्राथमिकताएं तय करने का महत्वपूर्ण मंच है। ग्रामीणों की वास्तविक आवश्यकता एवं सुझावों के आधार पर विकास कार्यों का चयन होने से योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होता है। उन्होंने पंचायत स्तर पर शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी से मिले उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा

# जिले में केंद्रीय विद्यालय स्थापना की उम्मीद बढ़ी, जल्द होगा निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की दिशा में उम्मीदें अब और मजबूत हुई हैं। उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी से मुलाकात कर जिले में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों के हित को देखते हुए प्रक्रिया को शीघ्र आगे बढ़ाते हुए स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। मुलाकात के दौरान मंत्री टंकराम वर्मा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को जिले में केंद्रीय विद्यालय की आवश्यकता और स्थानीय विद्यार्थियों के सामने बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं को लेकर आने वाली चुनौतियों से अवगत कराया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने विषय पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए जल्द आवश्यक निर्णय लिए जाने का आश्वासन दिया। इससे जिले में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की उम्मीद और मजबूत हुई है।मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को लेकर केंद्र सरकार के स्तर पर सकारात्मक चर्चा हुई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री द्वारा जल्द निर्णय लिए जाने का आश्वासन मिलना जिले के लिए सुखद और उत्साहजनक है। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार में शिक्षा के क्षेत्र में जारी प्रयास आने वाले समय में विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक अवसरों का आधार तैयार करेंगे।



### शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रयास

उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा के प्रयासों से बलौदाबाजार में शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर और बेहतर सुविधाएं विकसित करने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को लेकर केंद्र स्तर पर हुई सकारात्मक पहल को जिले के शैक्षणिक विकास के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### विद्यार्थियों को मिलेंगे बेहतर शैक्षणिक अवसर

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना लंबे समय से क्षेत्र की आवश्यकता रही है। वर्तमान में बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं के लिए विद्यार्थियों को बड़े शहरों और जिलों की ओर रुख करना पड़ता है। केंद्रीय विद्यालय शुरू होने से स्थानीय विद्यार्थियों को अपने ही जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।राज्य सरकार की ओर से विद्यालय संचालन के लिए अस्थायी भवन की व्यवस्था के साथ भविष्य में स्थायी भवन निर्माण के लिए भूमि चिन्हित कर आरक्षित करने की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई जा चुकी है।

# कसडोल में राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता आठ सितम्बर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जिले में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन 8 से 11 सितम्बर तक आयाजित की जा रही है। यह खेल स्पर्धा इंडोर स्टेडियम हॉल, कॉलेज रोड कसडोल में आयोजित होगी।

- राज्यभर के 500 से अधिक खिलाडी रग्बी, गतका एवं फेंसिंग मे दिखाएंगे दमखम

प्रतियोगिता में गतका एवं फैंसिग के लिए आयु वर्ग 17, व 19 वर्ष बालक एवं बालिका तथा रग्बी आयु वर्ग 19 वर्ष बालक एवं बालिका प्रतियोगिता सम्पन्न होगी। इस खेल प्रतियोगिता में राज्य के पांच संभाग के 520 बालक एवं बालिका एवं 120 ऑफिशियल कुल 640 प्रतिभागी शामिल होंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने खेल स्पर्धा सम्पन्न कराने सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं।

### प्रतिभागीयों के लिए आवास सुविधा

रायपुर संभाग के बालकों के लिए प्री-मेट्रिक बालक अनुसूचित जाति हॉस्टल कसडोल एवं बालिकाओं के लिए प्री-मेट्रिक बालिका अनुसूचित जनजाति हॉस्टल कसडोल, बिलासपुर संभाग के बालकों के लिए दौलत राम शर्मा शासकीय महाविद्यालय कसडोल एवं बालिकाओं के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कसडोल, दुर्ग संभाग के बालकों के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहतरा एवं बालिकाओं के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कसडोल, बस्तर संभाग के बालकों के लिए प्री-मेट्रिक बालक अनुसूचित जनजाति हॉस्टल कसडोल एवं बालिकाओं के लिए प्री-मेट्रिक बालिका अनुसूचित जनजाति हॉस्टल कसडोल, सरगुजा संभाग के बालकों के लिए शाकम्भरी विद्यालय कसडोल एवं बालिकाओं के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कसडोल शामिल हैं।

# कोसमंदी में विश्रांति घाट और चबूतरा का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. वामन राव लाखे की पुण्यतिथि पर ग्राम पंचायत कोसमंदी में वामन लाखे फाउंडेशन द्वारा निर्मित विश्रांति घाट एवं चबूतरा का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों ने उपस्थित होकर स्व. वामन राव लाखे को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि वामन राव लाखे का जीवन देश और समाज के लिए समर्पित रहा। उनके विचारों और आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए जनहित में किए जा रहे कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। उन्होंने फाउंडेशन द्वारा किए गए इस कार्य की सराहना की।

जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव ने कहा कि महापुरुषों की स्मृतियों को संजोने के साथ जनसुविधा के लिए किए गए ऐसे कार्य आने वाली पीढ़ियों को भी अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ते हैं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, गणेश शंकर जायसवाल, मनीष चंद्राकर, सरपंच सीमा जांगड़े रहे। इस अवसर पर नरेंद्र वर्मा, हरिशंकर श्रीवास, देवेंद्र साहू, पुरुषोत्तम साहू, कृष्ण कुमार साहू, अरुणा यादव, कल्याण ध्रुव, दुलार यादव, कृपा ध्रुव, हजारी रजक, रवि फेकर, भूपेंद्र वर्मा, मोहित ध्रुव, टिकेश्वर यादव, सुभाष फेकर, सावित्री ध्रुव, मनहर जांगड़े, डोमार वर्मा, पुनीत साहू, मूरित ध्रुव, चोवा वर्मा, अजय साहू, पुष्पेंद्र वर्मा, सुभाष यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जांजगीर में दम दिखाएगा बलौदाबाजार का मल्लखंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के मल्लखंभ खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए राज्य स्तर पर कदम बढ़ाया है। 22 से 25 अगस्त तक जांजगीर में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बलौदाबाजार की 11 सदस्यीय मल्लखंभ टीम शुक्रवार शाम जांजगीर के लिए रवाना हुई। खिलाड़ियों को खेल प्रेमियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने शुभकामनाएं देते हुए पदक जीतकर जिले का नाम रोशन करने की कामना की।

राज्य प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों में दुष्यंत घृत लहरे, अभिषेक कोशरिया, अभिजीत कुर्रे, भीष्म रात्रे, शिवम चेलक, नरेश गेंदरे, बलराम भारद्वाज, अनाया ठाकुर, अंजली यादव, नूतन बंजारे एवं गरिमा ध्रुव शामिल हैं।

इन खिलाड़ियों का चयन 20 मार्च को पंचशील नगर स्थित मल्लखंभ अखाड़ा में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ। प्रतियोगिता में बलौदाबाजार, रायपुर और गरियाबंद जिले की टीमों ने हिस्सा लिया था। बलौदाबाजार के 24 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम को विजेता बनाया, जिसके बाद 11 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर के लिए किया गया।




खिलाड़ियों को मुख्य कोच अकलेश नारंग और सहायक कोच रविंद्र गढ़ेवाल द्वारा प्रतिदिन सुबह-शाम प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्य कोच नारंग को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में निर्णायक की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

**चक्रपाणि स्कूल के 10 खिलाड़ीः** चयनित 11 खिलाड़ियों में से 10 खिलाड़ी पंडित चक्रपाणि हायर सेकेंडरी स्कूल, बलौदाबाजार के हैं। विद्यालय की प्राचार्य वंदनी श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। व्यायाम शिक्षक शिव कुमार बांधे के नेतृत्व में टीम जांजगीर रवाना हुई। छात्रावास अधीक्षक गुहतराम महेश्वरी और मेस प्रभारी सुंदरलाल सोनकर ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# डॉक्टर का पता पूछने के बहाने महिला को बातों में उलझाया, 80 हजार के जेवर ले भागे दो युवक

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र में राह चलती एक महिला को बातों में उलझाकर उसके सोने के जेवर पार करने का मामला सामने आया है। महिला के अनुसार, दो अज्ञात युवकों ने उसे आंख-कान के डॉक्टर का पता पूछने के बहाने रोका। कुछ देर बातचीत के बाद महिला वहां से घर चली गई, लेकिन घर पहुंचने के बाद उसे अपने गले और कानों के जेवर गायब होने की जानकारी हुई। महिला ने जेवरों की कीमत करीब 80 हजार रुपए बताई है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर-4 निवासी आनंदमोती साव पति स्व. घासीराम साव ने बताया कि 20 अगस्त 2026 को वह खेत से पैदल अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान बसना मेन रोड स्थित वाधवा कांप्लेक्स के सामने दो अज्ञात युवक मिले। दोनों युवकों ने महिला को रोककर आंख-कान के डॉक्टर के बारे में जानकारी मांगी। महिला ने डॉक्टर के बारे में जानकारी नहीं होने की बात कहते हुए उन्हें किसी अन्य व्यक्ति से पूछने की सलाह दी। शिकायत के मुताबिक, युवकों से बातचीत के बाद महिला वहां से अपने घर की ओर चली गईं।

# आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका द्वारा शहर में सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर विचरण करने वाले आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई तेज कर दी गई है। पकड़े गए मवेशियों को पिटियाझर गोठान में सुरक्षित रूप से रखा जा रहा है। विदित हो कि नगर पालिका द्वारा लगातार ध्वनि विस्तार यंत्र के माध्यम से पशु मालिकों से लगातार अपील की जा रही है कि वे अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें तथा उनकी उचित देखरेख करें। इसके बावजूद कुछ पशु मालिकों द्वारा मवेशियों को सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर खुले में छोड़ा जा रहा है, जिससे यातायात बाधित होने के साथ दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

नगर पालिका ने ऐसे लापरवाह पशु मालिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। खुले में मवेशी छोड़ने वाले पशु मालिकों को पालिका के अधिवक्ता के माध्यम से कानूनी नोटिस भेजा जाएगा तथा आवश्यकतानुसार उनके विरुद्ध प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने समस्त पशु मालिकों से पुनः अपील की है कि वे अपने मवेशियों को घर अथवा निर्धारित सुरक्षित स्थान पर रखें और उन्हें सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर खुला न छोड़ें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## छात्रों को ओटीपी और बैंकिंग फ्रॉड से बचने के उपाय बताए

# पुलिस ने स्कूलों में चलाया साइबर जागृति अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जिले में साइबर जागृति अभियान के तहत स्कूलों में अध्ययरत छात्र छात्राओं में जागरूकता कार्यक्रम और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इसमें अपराध मुक्त छत्तीसगढ़ बनने के उद्देश्य से यह अभियान चलाए जा रहे हैं। साइबर जागृति अभियान के तहत स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। 19 अगस्त को थाना राजादेवरी, थाना कसडोल और चौकी गिरौदपुरी क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में पुलिस ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताए। अभियान के दौरान विद्यार्थियों को फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, क्यूआर कोड के जरिए होने वाली ठगी और बैंकिंग धोखाधड़ी के तरीकों की जानकारी दी गई। पुलिस ने समझाया कि अनजान लिंक पर क्लिक न करें और किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड को बिना जांचे स्केन न करें। साथ ही ओटीपी, ए टी एम और डेबिट कार्ड की जानकारी, बैंक खाता का विवरण, पासवर्ड सहित अन्य गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करने की अपील की गई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजादेवरी में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में 72 विद्यार्थियों ने भाग लिया। थाना कसडोल क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पिसीद में करीब 250 विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। चौकी गिरौदपुरी क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरौदपुरी में करीब 80 विद्यार्थियों, प्राचार्य और शिक्षकों की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ। पुलिस ने बताया की साइबर ठगी होने पर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत शिकायत करें।



## युवा खेल महोत्सव का आयोजन...

**बलौदाबाजार।** जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत युवा खेल महोत्सव का आयोजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धाराशिव, खैरा, पासिद,बांसंकरा, स्वामी आत्मानंद स्कूल रोहांसी में शिक्षा विभाग के समन्वय से आयोजन किया गया। खेल महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। महोत्सव में कई तरह की खेल जैसे कुर्सी दौड़, सोलो साईकिल, जलेबी दौड़, रस्साकशी, निबंध लेखन आदि खेल महिला सशक्तिरण के टीम द्वारा आयोजित की गई। खेल महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं एवं अभिभावकों को बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास के प्रति जागरूक किया गया साथ ही साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ कौशिल्या सोनवानी, सुश्री नम्रता साहू, स्कूल प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।







## खबर संक्षेप

### सशिमं में तुलसीदास जयंती मनी



खरोरा। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती और गुल्लक पूजन का आयोजन किया गया। गुल्लक पूजन के माध्यम से विद्यार्थियों को बचत, संयम, संस्कार एवं सेवा का महत्व समझाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नियमित बचत की आदत विकसित करने तथा भविष्य के लिए धन का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य अश्विनी पाटकर सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

### खेल के क्षेत्र में किया गया सम्मानित

**महासमुंद।** स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिले के प्रभारी एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा एवं खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों का मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## पेज 9 के शेष

### शराब पीकर वाहन...

के विभिन्न मार्गों पर पुलिस टीमों को तैनात कर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने वाहन चालकों की जांच के लिए ब्रेथ एनालाइजर का इस्तेमाल किया।

अभियान के दौरान शराब के सेवन की पुष्टि होने पर 48 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उनके वाहन जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार जब्त किए गए सभी वाहनों को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए सभी चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कराने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

### तालाब में मिला...

संबंध में थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई थी।तालाब में शव मिलने की सूचना के बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ पंचनामा कार्रवाई शुरू कर दी है। शव मिलने की परिस्थितियों को लेकर पुलिस विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई जारी है। मृत्यु के वास्तविक कारण का पता जांच तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

### मेरा गांव-मेरी प्राथमिकता' से तय होंगी विकास की प्राथमिकताएं

# ग्रामसभा में ग्रामीणों ने लिया विकसित भारत ग्राम का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ करहीबाजार

जिले की ग्राम पंचायतों करही बाजार में गुरुवार को जनसंपर्क 2.0 विकसित भारत ग्राम संकल्प के अंतर्गत विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को विकसित भारत- अधिनियम 2025 से संबंधित अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

विशेष ग्रामसभा के दौरान मेरा गांव-मेरी प्राथमिकता गतिविधि के माध्यम से ग्रामीणों से गांव में आवश्यक विकास कार्यों के संबंध में उनकी प्राथमिकताएं जानी गईं। इसके लिए जल संरक्षण, फार्म पॉण्ड, पौधारोपण, ग्रामीण सड़क, आजीविका आधारित कार्य तथा



सामुदायिक परिसंपत्तियों जैसे विषयों पर ग्रामीणों से अपनी पसंद दर्ज करने को कहा गया। प्राप्त मतों के आधार पर सर्वाधिक प्राथमिकता वाले तीन विकास कार्यों की पहचान कर उन्हें ग्रामसभा में साझा करने की व्यवस्था की गई।

विकसित भारत संदेश कार्ड के माध्यम से प्रत्येक परिवार से गांव में अपेक्षित विकास एवं बदलाव के संबंध में सुझाव आमंत्रित किए गए। ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों को संकलित कर भविष्य में विकसित ग्राम पंचायत योजना तैयार करने में उपयोग किया जाएगा। विशेष ग्रामसभा में जनता-पंचायत संवाद सत्र भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच कमला अरुण निषाद, उपसरपंच अशोक पटेल, सचिव सुन्दर पाल, रोजगार सहायक सोभना ध्रुव, और उपस्थित पंचगण व ग्रामवासियो, ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ मेरा गांव-मेरी संकल्प एवं विकसित भारत-हमारा लक्ष्य का सामूहिक संदेश दिया। ग्रामसभा में ग्रामीण विकास और राष्ट्र निर्माण को एक-दूसरे से जोड़ते हुए मेरा गांव-मेरी संकल्प, विकसित भारत की मजबूत नींव की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

## कुर्रा से कौही के लिए निकली कांवड़ यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बंगोली

ग्राम कुर्रा से कांवड़ यात्रा कौही (पाटन) स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर के लिए रवाना हुई। कांवड़ियों का दल त्रिलोकीनाथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए अपार उत्साह के साथ यात्रा पर निकला।

कांवड़ यात्रा की शुरुआत से पूर्व नवयुवक दल ने स्थानीय शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती की। इसके पश्चात पवित्र पात्रों (डब्बों) में जल भरकर कांवड़िए /"बम-बम भोले/" और /"हर-हर महादेव/" के गगनभेदी नारों के साथ कौही स्थित धाम के लिए पैदल रवाना हुए। भक्तिमय जयकारों से पूरा गांव और आसपास का माहौल धर्ममय हो गया।

कांवड़ यात्रा दल में बड़ी संख्या में युवा एवं ग्रामीण शामिल रहे। यात्रा में अजय यादव, करण वर्मा, लक्की यादव, लल्लू वर्मा, राजा यादव, कोमल धीवर, मुन्ना धीवर, प्रदीप निर्मलकर, श्रवण यादव, श्रवण धीवर, गोपी, मनीष यादव, नितेंद्र रुखूम वर्मा, ईश्वर धीवर, नागेश धीवर, गितेश धीवर, सूरज धीवर, पुष्कर निर्मलकर, हिमांशु नायक, नरेश खुटे, सूरज यदु, लक्ष्मण बंसोर, किशन चौहान, यश साहू, संतोष साहू, जय धीवर तथा विक्रम यादव मुख्य रूप से शामिल होकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

## पेंड्रावन-कोसीर मार्ग पर मरम्मत कार्य शुरू



**गोपालपुर।** लंबे समय से बदहाल सड़क के कारण परेशानी झेल रहे राहगीरों के लिए राहत की खबर है। पेंड्रावन से सरधाभाठा होते हुए कोसीर मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। सड़क की खराब स्थिति के कारण मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे और उबड़-खाबड़ हिस्से बन गए थे, जिससे बारिश के मौसम में आवागमन और अधिक मुश्किल हो गया था। मार्ग की स्थिति को देखते हुए अब विभाग ने जेसीबी मशीन के माध्यम से सड़क के खराब हिस्सों को समतल करने तथा आवश्यक स्थानों पर मिट्टी-मुरुम व गिट्टी डस्ट डालकर सुधार कार्य शुरू किया है।मौके पर चल रहे कार्य से सड़क की तस्वीर धीरे-धीरे बदलती नजर आ रही है। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद पेंड्रावन, सरधाभाठा और कोसीर सहित आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में काफी राहत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों ने सड़क मरम्मत कार्य शुरू होने पर राहत जताते हुए उम्मीद की है कि विभाग द्वारा कार्य को गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा किया जाएगा, ताकि बारिश के दौरान राहगीरों को दोबारा परेशानी का सामना न करना पड़े।

## श्रीगणेश की प्रतिमाओं को आकार देने में जुटे कलाकार

**खरोरा।** इस बार 14 सितम्बर को गणेश चतुर्थी पर्व मनाया जायेगा। इस दिन नगर खरोरा सहित सम्पूर्ण रायपुर जिले में भी श्रीगणेश की अनेक स्थानों पर आकर्षक प्रतिमायें विराजित की जायेगी, जिसकी तैयारियां की जा रही है। बता दें कि हर वर्ष खरोरा में गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष भी इसकी तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है। अनेक स्थानों पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा भक्तों द्वारा विराजित की जायेगी। जिसके लिए काफी पहले ही मूर्तिकारों को प्रतिमा निर्माण का आर्डर दे दिया गया है। जिसके अनुसार मूर्तिकारों द्वारा प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है। मूर्तिकारों ने बताया कि इस बार मूर्ति निर्माण में महंगाई का असर रहेगा। दरअसल निर्माण सामग्री के दामों में वृद्धि से प्रतिमाओं की कीमत भी बढ़ी है। वहीं साज–सज्जा लाईटिंग रंग पेंट अन्य वस्तुओं और कार्यो के दाम भी बढ़े है। नतीजा इस बार गणेशोत्सव समितियों को एक्स्ट्रा आर्थिक व्यवस्था करनी पड़ेगी। लेकिन इस सब से परे भक्त गणेशोत्सव को धूमधाम से मनाने यादगार बनाने भव्यता की तैयारियों में जुटे हुए हैं।



## शिव महापुराण कथा में शिव पार्वती विवाह प्रसंग का वर्णन



**भटगांव।** समस्त नगरवासियों की ओर से आयोजित श्रीशिव महापुराण कथा एवं महारुद्राभिषेक के नवम दिवस पार्वती जन्मोत्सव और शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास पवन कुमार ने सती के पुनर्जन्म से लेकर भगवान शिव से विवाह तक की कथा सुनायी। उन्होंने बताया कि सती के देह त्याग के बाद भगवान शिव ध्यान में लीन हो गए। वहीं तारकासुर के अत्याचार से देवताओं को मुक्त कराने के लिए जगदंबा ने पर्वतराज हिमालय और माता मैना के घर पार्वती के रूप में जन्म लिया। नारद जी की प्रेरणा से माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की।

उनकी अटूट भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें वरदान दिया। कथा में शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाते हुए महाराज ने बताया कि भगवान शिव भूत-प्रेत, नंदी और गणों के साथ बारात लेकर हिमालय की नगरी पहुंचे। धूमधाम से विवाह संपन्न हुआ।

## रिहान का अंडर-14 स्टेट क्रिकेट टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

यहां का प्रतिभाशाली युवा क्रिकेट खिलाड़ी रिहान खान का चयन अंडर-14 स्टेट क्रिकेट टीम के लिए हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन पेंड्रा में किया जा रहा है। रिहान के चयन से उनके परिवार, विद्यालय, खेलप्रेमियों और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

रिहान खान एक प्रतिभाशाली बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। उनकी



गेंदबाजी में गति, सटीक लाइन-लेंथ और बल्लेबाजों को चुनौती देने की क्षमता नजर आती है। कम उम्र में ही उन्होंने अपने शानदार खेल से अपनी अलग पहचान बनाई है।

रिहान की प्रतिभा को निखारने और उन्हें बेहतर क्रिकेटर बनाने में उनके कोच लक्ष्मीकांत सोनी, शिक्षक, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भटगांव का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कोच लक्ष्मीकांत सोनी ने रिहान की गेंदबाजी की तकनीक, अनुशासन, फिटनेस, आत्मविश्वास और खेल की बारीकियों पर लगातार मेहनत की, जिसका परिणाम आज उनके स्टेट स्तर पर चयन के रूप में सामने आया है।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

पाइल्स
पाइल्स का इलाज, एक लेप, द्वारा मस्से को गला कर जड़ से इलाज किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 9.30 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### राहगीरों को आवागमन में हो रही परेशानी

# मां डोगर देवी मंदिर मार्ग पर गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

पलारी ब्लॉक के गिधपुरी-मलपुरी गांव में महानदी तट पर स्थित प्रसिद्ध मां डोगर देवी मंदिर की ओर जाने वाली सड़क की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। इसी मार्ग पर स्थित एक पुलिया के पास बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं, ग्रामीणों और किसानों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग धार्मिक स्थल के साथ साथ गांव से जुड़ी होने से स्थानीय लोगों के खेती-किसानी व रोजमर्रा के जीवन का भी



महत्वपूर्ण है।

पुलिया के पास बने बड़े बड़े गड्ढों के कारण छोटे वाहनों से लेकर ट्रैक्टर और भारी गाड़ियों को आने-जाने में कठिनाई होती है। बारिश के मौसम में इन गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क पहचानना भी मुश्किल हो जाता है, जिससे हादसे होने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों के अनुसार, ईंट और अन्य निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहनों के भारी दबाव के कारण यह सड़क और पुलिया और अधिक क्षतिग्रस्त हो गई है।

ग्राम पंचायत गिधपुरी के सरपंच कोशलेश साहू ने कहा सड़क की स्थिति बहुत खराब है। पुलिया के पास गड्ढों को भरने व संपूर्ण सड़क निर्माण के लिए प्रशासन मांग कर रहे हैं। अन्य ग्रामीण हीरा साहू, जितेंद्र निषाद, मनहरण वर्मा, रामू एवं मलार साहू ने भी सड़क की मरम्मत की आवश्यकता पर जोर दिया। उनका कहना है कि यह सड़क गांव से महानदी तट एवं मंदिर को जोड़ती है, इसलिए इसका पुनर्निर्माण अत्यंत आवश्यक है।

## खबर संक्षेप



### नगर में शिव महापुराण कथा जारी

**भाटापारा।** नगर पालिका प्रांगण में स्थित महाकाल शिव मंदिर में विगत 19 से 26 अगस्त तक शिव महापुराण की संगीतमय कथा दोपहर 3 बजे से प्रारंभ है। इसमें कथा वाचक पं. कुलदीप जोशी द्वारा शिव एवं पार्वती के अनेक लीलाओं का वर्णन किया जा रहा है।

### नगर में विशाल कांवड़ यात्रा 5 को

**भाटापारा।** महाकाल सेवा समिति के तत्वावधान में विगत वर्षों से नगर में सुख शांति एवं संपन्नता को बनाए रखने के उद्देश्य को लेकर 24 अगस्त सोमवार को 5वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। कांवड़ यात्रा सुबह 6 बजे तरेंगा टोहडीघाट से पैदल चलकर खप्पर बाबा मंदिर एवं कैलाश धाम तक जाएगी। समिति ने नगर के धर्म प्रेमी बंधुओं से इस विशाल कांवड़ यात्रा में अपने साथ कांवड़ लेकर आए एवं जिनके पास कांवड़ की व्यवस्था न हो उसके लिए निः कांवड़ की व्यवस्था की जाएगी।

### आयुष स्वास्थ्य शिविर की तैयारी

**लवन।** जिला आयुष विभाग बलौदाबाजार द्वारा ब्लॉक स्तरीय निः शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। मुख्य अतिथि शिवमंगल सिंह चौहान अध्यक्ष नगर पंचायत लवन विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत लवन की उपस्थिति में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक स्थान गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन लवन में आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रभारी डॉ. श्रीकांत साहू ने बताया कि इसमें मधुमेह, शुगर, नेत्र, बी पी, दंत प्रशिक्षण जांच कर मुफ्त दवाइयां दी जाएगी।

### आदित्य का लखनऊ डांस प्रतियोगिता के लिए चयन

**पलारी।** नगर पंचायत रोहांसी निवासी तथा दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल भाटापारा कक्षा 9वी के छात्र आदित्य साहू का लखनऊ डांस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए चयन हुआ हैं। बता दें कि यह



ब्लॉक पलारी का एकमात्र एक ऐसा प्रतिभाशाली छात्र हैं जो कम उम्र में ही लखनऊ डांस में चयनित हुआ हैं। उन्होंने अपने जिले स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसके बाद इनका सलेक्शन लखनऊ में आयोजित 24 एवं 25 अगस्त के डांस प्रतियोगिता के लिए हुआ। प्रतियोगिता में भारत के सभी राज्य सहित 12 देशों के बच्चे इस डांस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। आदित्य साहू के चयन पर माता माधुरी साहू, पिता युवराज साहू व नगरवासी तथा विद्यालय के शिक्षकों ने लखनऊ में हमारे छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रौशन करने की शुभकामनाएं दी है।

### भलेसर में मारपीट

**महासमुंद।** ठेला लगाने वाले व्यक्ति से मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को भलेसर के डोमन ध्रुव ने बताया कि उसने 19 अगस्त के शाम 07 बजे करीब अपना ठेला लगाया था, उसी समय गांव के टोकेश ध्रुव ठेला के सामने गाली गलौज कर रहा था, जिसे उसने मना किया, जिस पर आरोपी ने गाली गलौज कर जान से मारने की ।

## निधन

### दाऊलाल देवांगन

**बलौदाबाजार।** अधिवक्ता



दीनबंधु देवांगन के ज्येष्ठ भ्राता एवं माधव देवांगन के पिता दाऊलाल देवांगन का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 अगस्त को गृह ग्राम रवान (अंबुजा) में किया जाएगा। परिजनों ने सभी शुभचिंतकों से अंतिम संस्कार में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

# विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवसः संयंत्र ने अंचल के 120 बुजुर्गों को किया सम्मानित

## वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान व संवेदनशीलता बनाए रखने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर की ओर से विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता और समाज में उनके योगदान को रेखांकित करने के उद्देश्य से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कार्यक्षेत्र के 60वर्ष से अधिक आयु के करीब 120 वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

- सम्मान समारोह में उपहार भेंट कर किया सम्मानित

इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके साथ संवाद कर उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं को समझने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना बनाए रखने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में सिक्योरिटी विभाग प्रमुख राजू सिंह एवं सीएसआर प्रमुख निरुपा श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। आयोजन को सफल बनाने में सीएसआर अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय सहित टीम के सदस्य जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, सुरेंद्र यादव, ताराचंद वर्मा, सुनीता निषाद, साहिल बांधे एवं गुमान साहू का योगदान रहा।



### वरिष्ठ नागरिक परिवार और समाज के मार्गदर्शक

कार्यक्रम में प्रशासनिक प्रमुख संजीव मिश्रा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक परिवार और समाज के मार्गदर्शक होते हैं। उनके जीवन के अनुभव और सीख युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी हैं। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति समाज में जागरूकता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## बैठक : आईजी अमरेश मिश्रा ने हथबंद थाने का किया निरीक्षण

# अंधविश्वास व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने शुक्रवार को बलौदाबाजार-भाटापारा जिले का आकस्मिक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने डीजीपी/आईजी सम्मेलन के तहत गोद लिए गए थाना हथबंद का निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के राजपत्रित अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर पुलिसिंग को अधिक प्रभावी, जनोन्मुखी और तकनीक आधारित बनाने के निर्देश दिए।थाना निरीक्षण के बाद आईजी अमरेश मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक गौरव राय के साथ जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अंधविश्वास, टोना-जादू से संबंधित शिकायतों पर तत्काल और गंभीरता से वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मैदानी पुलिसिंग में नेतृत्व क्षमता को मजबूत, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाने तथा भविष्य में आने वाली सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए अग्रिम रणनीति तैयार रखने के निर्देश दिए।

आईजी ने सीसीटीएनएस के तहत डेटा एंट्री और केस मैनेजमेंट का कार्य समयबद्ध एवं प्रभावी तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए आधुनिक तकनीकों का अधिक से अधिक उपयोग करने तथा पुलिस के 'साइबर जागृति अभियान' का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।उन्होंने जिले के सभी संयंत्र प्रबंधकों को अपने-अपने संयंत्रों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों को भी साइबर जागृति अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए। आईजी ने जिले की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम एवं सुदृढ़ बनाने तथा सड़क दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

### यातायात व्यवस्था सुधारने पर भी जोर





#### ये अधिकारी रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा, एसडीओपी भाटापारा तारेश साहू, डीएसपी मुख्यालय राजेश श्रीवास्तव, डीएसपी कैंप कसडोल कौशल किशोर वासनिक, डीएसपी मोनिका मरावी, एसडीओपी बलौदाबाजार उषा सोंधिया सहित पुलिस कार्यालय के समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित थे।

#### हथबंद थाने के रखरखाव पर जोर

थाना हथबंद के निरीक्षण के दौरान आईजी ने थाना परिसर की स्वच्छता, अधोसंरचना एवं संसाधनों के बेहतर रखरखाव के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। उन्होंने थाने के रिकॉर्ड और शासकीय पंजियों को नियमित रूप से अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने पर भी जोर दिया। आईजी ने कहा कि थाने में आने वाले आम नागरिकों और पीड़ितों के साथ संवेदनशील, शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

# शिवमहापुराण कथा से शिवमय हुआ वातावरण





हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

हिरमी के बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित शिवमहापुराण कथा जारी है। कथा वाचन राधिका किशोरी ने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा प्रसंग में उन्होंने माता सती के चरित्र तथा माता पार्वती के जन्म, तपस्या और भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने की कथा का वर्णन किया। माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की। उनकी अटूट श्रद्धा, भक्ति और संकल्प यह संदेश देते हैं कि सच्ची निष्ठा और समर्पण के मार्ग पर चलने वाले भक्त को ईश्वर की कृपा अवश्य प्राप्त होती है। माता पार्वती की तपस्या, त्याग और भगवान शिव के प्रति उनकी अटूट आस्था का प्रसंग सुनकर कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

कथा वाचिका राधिका किशोरी जी ने माता सती के जीवन प्रसंग के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान शिव के प्रति प्रेम, विश्वास, भक्ति और समर्पण का महत्व समझाया। जैसे-जैसे कथा आगे बढ़ी, श्रद्धालु भक्ति में लीन होते गए और पूरा पंडाल "ॐ नमः शिवाय", "हर-हर महादेव" के जयघोष से गूंज उठा। कथा के दौरान भक्ति संगीत और मधुर भजनों ने वातावरण को और भी आध्यात्मिक बना दिया।

संगीत की स्वर-लहरियों के साथ पूरा हिरमी गांव शिवमय दिखाई देने लगा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं ।

# पारंपरिक लोक कलाकारों को मिलेगा 24 हजार तक वार्षिक प्रोत्साहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति एवं राजभाषा संचालनालय द्वारा पारंपरिक लोक कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना-2026 संचालित की जा रही है। योजना के तहत चयनित पात्र लोक कलाकारों को प्रतिवर्ष 120 से 24 हजार तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

योजना अंतर्गत नृत्य, संगीत, लोकनाट्य, लोकगाथा, गीतकार, वाद्ययंत्र वादक, शिल्प, पारंपरिक पाख एवं सौंदर्य कला सहित विभिन्न लोक एवं पारंपरिक विधाओं से जुड़े कलाकार आवेदन कर सकते हैं। योजना के लिए आवेदक कलाकार की वार्षिक आय 96 हजार से कम होना आवश्यक है। इसके साथ ही आवेदक का चिन्हारी पोर्टल पर कलाकार के रूप में पंजीयन होना तथा वैध आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

- आवेदन 31 अगस्त तक मंगाये गए

आवश्यक दस्तावेज- आवेदन के साथ तहसीलदार अथवा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी चालू वर्ष का वैध आय प्रमाण पत्र, जिसमें वार्षिक आय 96 हजार से कम दर्शित हो, चिन्हारी पोर्टल पर कलाकार पंजीयन की



प्रति, छत्तीसगढ़ मूल निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रति, बैंक पासबुक की प्रति जिसमें खाता क्रमांक एवं आईएफएससी कोड स्पष्ट रूप से अंकित हो तथा कला-विधा से संबंधित प्रमाण जैसे कलाकार के रूप में प्रमाण-पत्र, प्रस्तुति का प्रमाण, फोटो अथवा उपलब्ध अन्य संबंधित दस्तावेज संलग्न करना होगा। सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियां आवेदन के साथ लगानी होंगी।

आवेदन पत्र भरकर आवश्यक दस्तावेज सहित पूर्ण आवेदन पत्र पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से संचालक, संस्कृति एवं राजभाषा संचालनालय, मल्टीलेवल पार्किंग, द्वितीय तल, सेक्टर-24, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़ के पते पर भेजना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक निर्धारित है।

# आत्मानंद स्कूल की 54 बालिकाओं को साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेल में कक्षा 9वीं की 54 बालिकाओं को सायकिल का वितरण किया गया। बालिकाओं ने सायकिल मिलने से छत्तीसगढ़ शासन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया गया है। कक्षा 8वीं से पास होकर कक्षा में 9वीं के बालिकाओं को सरस्वती योजना के तहत बेटियों को सुविधा उपलब्ध कराया जा



रहा हैं। प्राचार्य जितेंद्र कुमार देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ सरकार ने मुफ्त में बेटियों को मुफ्त में सायकिल दी जा रही हैं। 21 इंग्लिश मिडियम और हिंदी मिडियम के 54 बालिकाओं को मुख्यमंत्री योजना के तहत बेटियों को मुफ्त में साइकिल वितरण की जा रही हैं। इस मौके पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष परमेश्वर साहू, सुरेश साहू, अविनाश कुमार डडसेना, संस्था के प्राचार्य जितेंद्र कुमार देवांगन, ओमप्रकाश साहू, हरप्रसाद साहू, भूपेंद्र कुमार साहू, छोटूदास मानिकपुरी, रमहैया लाल कश्यप, रमाकांत साहू, जैकलिन हैरेंज, वंदना साहू, विनीत कुमार वर्मा, योगीराज पैंकरा, निशा देशलहरे, हेमा दुबे सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिका सायकल वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए थे।

## उत्कष्ट कार्य के लिए शिक्षिका भारती सम्मानित



सिमगा। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्राथमिक शाला पौंसरी की शिक्षिका भारती वर्मा को शिक्षा में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सम्मानित किया। उन्हें एनसीईआरटी मानकों के अनुरूप स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखकर जिले का प्रथम जादुई पिटारा तैयार करने सम्मान मिला। इसके माध्यम से बच्चों को गतिविधि आधारित और आनंददायक तरीके से शिक्षा दी जा रही है। भारती वर्मा ने पारंपरिक खेल-खिलौनों के संरक्षण के लिए शाला में खेल-खिलौना संग्रहालय भी स्थापित किया है। पर्यावरण संरक्षण के लिए सीड बॉल अभियान चलाकर बच्चों और समुदाय को जोड़ा। उनके नवाचारों से प्राथमिक शिक्षा को स्थानीय संस्कृति और प्रकृति से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## अग्रवाल महिला मंडल ने मनाया हरियाली तीज

**खरोरा।** सावन हरियाली और विभिन्न त्योहारों की खुशियां लेकर आता है। इसी अवसर पर अग्रवाल महिला मंडल द्वारा हरियाली तीज का पर्व मनाया गया।

तीज पर्व पर नवविवाहित युवतियों सहित सभी महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर उत्साहपूर्वक पर्व मनाया तथा अपनी प्रतिभा और हुनर का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महिला मंडल की बहनें, बेटियां एवं बच्चे मोहरेंगा नेचर सफारी गए, जहां सभी ने झूलों का



भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में हौजी एवं चूड़ी गेम का भी आयोजन किया गया। चूड़ी गेम में रेखा अग्रवाल ने प्रथम, मंजू साहू ने द्वितीय तथा पायल अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही महिलाओं ने लंबी कूद जैसी मनोरंजक गतिविधियों में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## मोली और सिल्वर पैटर्न राखियों की बढ़ी मांग

# रक्षा बंधन के लिए शहर में सजीं दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

रक्षाबंधन त्योहार को लेकर बाजार में राखियों की दुकान सज गई है, जहां बहनों ने भाइयों की कलाई में राखी बंधाने के लिए खरीददारी शुरू कर दी है। अब राखी की दुकान में ग्राहकों की संख्या बढ़ने लगी है, लेकिन जैसी भीड़ दिखनी चाहिए वैसी नहीं है। त्योहार एक दो दिन शेष बचने पर ही ग्राहकों की और भीड़ बढ़ेगी। जयस्तंभ चौक के समीप स्थित श्री गणेश सीजनल शाप में राखियों की सैकड़ों वैरायटियों के साथ दुकान सजी है जहां से ग्राहक अपनी मन पसंद राखियों की खरीदी कर रहे हैं। दुकान के संचालक बिहारी जोशी ने बताया कि उनकी दुकान में सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध है, उनके पास कोलकाता, सूरत,



दिल्ली की लेटेस्ट राखियों का कलेक्शन उपलब्ध है। वहीं 1 रूपये पीस से लेकर 450 रूपये तक की राखियां उनके शाप में है। मोली राखी की धूम मची हुई है, जिसे ग्राहकों को ज्यादा पसंद आ रही है। इसके अलावा सिल्वर पैटर्न की राखियां प्रमुख आकर्षण का केन्द्र है। राखी के बाजार में इस साल महंगाई व कीमतों में वृद्धि भी देखी जा रही है। पेट्रोल डीजल के दामों में वृद्धि का असर राखियों में भी देखने को मिल रहा है। पिछले साल की अपेक्षा इस साल 10 से 20 प्रतिशत तक दामों में वृद्धि हुई है। राखी दुकान में बच्चों की पसंद को भी ध्यान में रखा गया है, जिसके चलते बच्चे अपनी फसंद की राखियां ले रहे हैं। राखी त्यौहार के लिए बाजार और सड़क के किनारे सैकड़ों दुकानें खुल जाने से इस व्यावसाय में कड़ा काम्पीटिशन हो गया है। वहीं आनलाइन के कारण ग्राहक घट रहे हैं। सभी दुकान वाले अपने अपने स्तर में ग्राहकों को आकर्षित करने लगे हैं। आने वाले एक दो दिनों में ग्राहकी और अधिक भीड़ बढ़ने की संभावना है।

